Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a university in Sidhi district headquarters in Madhya Pradesh-laid.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी): मै माननीय शिक्षा मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहती हूँ कि मेरा संसदीय क्षेत्र सीधी शिक्षा,स्वास्थ्य व संचार जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से आज भी वंचित है । मेरे संसदीय क्षेत्र सीधी मे आज दिनांक तक विश्वविद्यालय स्थापित नहीं है जिस कारण बहुतायत बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते है । लंबे समय से क्षेत्र के विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु विभिन्न माध्यमों से मांग की जा रही है । मेरा हमारी सरकार व माननीय शिक्षा मंत्री महोदय से आग्रह है कि सीधी संसदीय क्षेत्र के सीधी जिला मुख्यालय मे विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए जिससे निकट भविष्य मे मेरे संसदीय क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने मे किसी भी प्रकार की समस्या न हो !